के घाट उतार दिये गये जो कि सरासर गलत होता है। मैं तो अपने गृह मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि १५ अगस्त, १९४७ के बाद से पाकिस्तान बनने के बाद से आज तक हिन्दुस्तान में मुसलमानों के मरने सम्बन्धी जो आंकड़े समय समय पर पाकिस्तानी पत्रों द्वारा छापे जाते रहे हैं उन सारे आंकड़ों को सच माना जाये और सब को जोड़ा जाये तो हिन्दुस्तान में जितने मुसलमान रहते हैं वे तीन बार मरें और तीन बार जन्म लें तब कहीं जाकर यह पाकिस्तानी पत्रों के आंकड़े सही साबित हो सकते हैं। इतना तो वह देश है जो सारे झूठों का सरदार है लेकिन उसके पश्चात् हमारी अपनी स्थिति क्या है? मैं आपको थोड़े में यह इसलिए कह रहा हूं कि यह जो छोटी-छोटी घटनाएं हो रही हैं इन घटनाओं को छोटी कह कर उपेक्षा के साथ यूं ही छोड़ न दिया जाये। यह आने वाले भयंकर भविष्य की सूचना और भूमिकाएं भी हैं। हमें समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि पीछे जिस प्रकार से उपेक्षा करते करते वह विष इतना बढ़ा कि देश विभाजन के रूप में दुष्परिणाम हमको देखना पड़ा कहीं आगे चल कर यह प्रवृत्तियां कहीं फिर इसी प्रकार से देश को विभाजन के द्वार पर न ले जायें। इसलिए हमें चाहिए कि इन धर्म स्थानों में बैठ कर जो योजनायें बनाई जा रही हैं सावधानी के साथ हम उनका निरीक्षण करें और जहां भी हमें कोई आपत्तिजनक चीज़ लगे उस पर प्रतिबन्ध लगायें।

तीसरी चीज जिसके कि बारे में अभी इस प्रस्ताव के प्रस्तावक महोदय ने भी कहा है और सरहदी साहब ने भी कहा उसकी ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। पंजाब के अन्दर अभी पंजाबी सूबा बनाने का एक आन्दोलन चला था। अब उसके बारे में सरहदी जी का अपना कहना तो इस प्रकार का है कि वह आन्दोलन भाषा के आधार पर था और संस्कृति के आधार पर था लेकिन भाषा और संस्कृति की उसमें पृष्ठभूमि कितनी थी उसको यदि मैं अपने शब्दों में कहूं तो ज्यादा अच्छा नहीं होगा। यह तो पंजाबी सूबा आन्दोलन के मुख्य संचालक मास्टर तारासिंह ने ही जेल से छूटने के पश्चात् अमृतसर में कहा था कि भाषा का तो हमने उसको एक आवरण पहनाया था। असल बात तो यह थी कि पंथ की हिफाजत के लिए हम यह आन्दोलन चला रहे हैं। अब मैं नहीं समझता कि सरहदी साहब का यह बयान ठीक है या मास्टर तारासिंह जो कि इस आन्दोलन के संचालक थे उनका यह बयान उस आन्दोलन के सम्बन्ध में ठीक है।

दूसरी बात जो सरहदी साहब यह कह रहे थे कि बहुत से हिन्दुओं को भी इस आन्दोलन का समर्थन प्राप्त था तो क्या उनको यह जानकारी नहीं है कि बहुत से सिख भी इस आन्दोलन का विरोध कर रहे हैं और वह नहीं चाहते थे कि पंजाब जो कि भारतवर्ष का सीमावर्ती प्रदेश है उसमें इस प्रकार से साम्प्रदायिक आधार पर किसी भू-भाग का विभाजन किया जाय। या इसी प्रकार की कोई प्रवृत्ति बढ़े लेकिन जहां तक समर्थन करने का सम्बन्ध है वह तो आन्दोलन में समर्थन पैसे के बल से भी मिल जाया करता है और पैसे से इस पंजाबी सूबा आन्दोलन के लिए समर्थन खरीदा भी गया। यहीं दिल्ली के अन्दर यह घटना घटी कि मुरादाबाद से कुछ मुसलमान पकड़ कर ले आये गये पंजाबी सूबा आन्दोलन के लिए। जब कोर्ट में उनसे जवाब तलब किया गया तो उन्होंने कहा कि साहब हम क्या करते हमारे पास खाने पीने का इन्तजाम नहीं था इसलिए हम इस आन्दोलन में चले आये क्योंकि हमने सोचा कि कोई काम नहीं है तो यह डेढ़-डेढ़ रुपया रोज इसी तरह से मिल जायेगा। पंजाबी सूबा आन्दोलन चलाने में पैसे से इस प्रकार

का कितना समर्थन खरीदा गया उस पर में विस्तारपूर्वक नहीं जाना चाहता । मेरा तो कहना यह है कि जिस चीज पर सरहदी साहब भी सहमत हैं और जिसमें मैं समझता हूं कि हर एक सहमत होगा कि हमारे धर्म स्थानों में और पवित्र स्थानों में जहां कि बैठ कर लोग मानसिक शान्ति प्राप्त करेंगे और आध्यात्मिक चिन्तन करेंगे, आज यदि उन स्थानों का किन्हीं राजनीतिक स्वार्थों के लिए गलत प्रयोग होता है वह एकदम अवांछनीय और अनुचित है और सरकार को उस पर रोक लगानी चाहिए । उन अपने धर्म स्थानों में हम लोग बैठ कर मानसिक शान्ति प्राप्त करने का प्रयत्न करेंगे, और अध्यात्मिक चिन्तन करेंगे और उन स्थानों में बैठ कर अपने को ऊंचा उठाने के सम्बन्ध में कुछ योजनायें बनायेंगे । अगर उन स्थानों पर बै कर स प्रकार की विपरीत स्थिति पैदा की जाती है, तो इस विषय में कोई कदम उठाना आवश्यक है । क्या गृह मंत्री जी और सरकार को यह बात पता नहीं है कि अमृतसर में स प्रकार की घटना घटी कि पुलिस के एक ज़िम्मेदार इंस्पैक्टर की स्वर्ण मन्दिर के सामने हत्या की गई और उसके पश्चात् हत्यारा स्वर्ण मन्दिर की चारदीवारी में चला गया ; इस के पश्चात् आज तक पंजाब गवर्नमेंट उस को नहीं पकड़ सकी है। अगर ये धर्म-स्थान ऐसे लोगों के लिये पनाहगाह और शरण देने के स्थान बन जायें, तो मेरा निवेदन है कि गम्भीरता पूर्वक न धर्म-स्थानों के सम्बन्ध में सोचना पड़ेगा और दृढ़ता के साथ निर्णय लेना पड़ेगा ।

इन स्थानों का योग केवल हत्या ों को पनाह देने के लिये ही नहीं अपितु राजनीतिक बड़ी-ब ी प्रैस कांफ्रेंसें भी वहां की जाती हैं, जिन में प्रान्तीय सरकार और के ीय सरकार के खिला विष उगला जाता है और देश की नीति पर आलोचना की जाती है । इस प्रकार की प्रैस कांफरेंसें धर्म-स्थ ों की चारदीवारी में बै कर की जाती हैं । क्या हम को पता नहीं है कि १२ जून को दिल्ली के सीसगंज ुरुद्वारे के सामने जो प्रदर्शन हुआ । उस समय वहां पर पुलिस के ऊपर आक्रमण किया गया और गुरुद्वारे के ऊपर से बम और सोडावाटर की बोतलें फेंकी गईं । हम को सोचना पड़ेगा कि आखिर इस प्रकार की चीज कहां तक सही जा सकती है ।

इस आन्दोलन के मूल संचालक, मास्टर तारासिंह, जगह जगह घूम कर कहते फिर रहे हैं कि और सारी बातों को बाद में तय किया जायगा, पहले मैं उन लोगों को चैलेंज करना चाहता हूं, जो यह कहते हैं कि हमारे आन्दोलन का पाकिस्तान से सम्बन्ध है । मुझे जानकारी नहीं कि यह बात किस आधार पर कही जाती है, लेकिन क बात देख कर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि उसी पार्टी के सेक्रेटरी ने बगल के रकाबगंज गुरुद्वारे में भाषण देते हुये अभी पीछे कहा कि अगर कहीं संत फतेह सिंह शहीद हो जाते, या अपने उपवास में समाप्त हो जाते, तो पाकिस्तानी फ़ौजें इस बात के लिये तैयार खड़ी हुई थीं कि वे पंजाब में प्रवेश कर जायें । मेरी समझ में नहीं आता कि संत फतेह सिंह जी के शहीद होने और पाकिस्तानी फौजों का आपस में गठबंधन उन्होंने किस तरह से किया । उधर एक ओर तो मास्टर जी कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ इस प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है । फिर पाकिस्तानी फौजें क्यों अनशन का परिणाम देख रही थी ?

कुछ समय पहले जब लोक सभा का पिछला अधिवेशन हो रहा था, तो यहां पास में प्रदर्शन होने की स्थिति उत्पन्न हुई थी । तब लोक सभा के अध्यक्ष को यह व्यवस्था देनी पड़ी थी कि लोक सभा से इतनी दूर तक किसी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जायगी । लेकिन जब इस लोक सभा से पचास कदम हट कर एक जो वह प्रदर्शन हुआ था जिसे रोकने के लिये दिल्ली पुलिस को

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

व्यवस्था करनी पड़ी। उस में दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर और पुलिस के तेंतीस अधिकारियों को घायल होना पड़ा। गुरुद्वारे से बोतलें और पत्थर फेंके गये। तमाम सड़क पटी पड़ी थी, लेकिन उस पर भी पुलिस बिल्कुल अपने को हैल्पलैस अनुभव कर रही थी। वह उस की चारदीवारी में प्रवेश नहीं कर सकती थी। इस से मेरा अभिप्राय यह नहीं है कि उन पवित्र गुरुद्वारों या अन्य पवित्र धर्म स्थानों की रक्षा न की जाये। मेरे कहने का सीधी सी भाषा में स्पष्ठ अभिप्राय यह है कि उन का प्रयोग हत्यारों को शरण देने और इस प्रकार की अन्य अवांछनीय, अराष्ट्रीय कार्यवाहियों के लिये न करने दिया जाये। आज यह होता है कि गुरुद्वारों में बैठ कर पंजाबी सूबे का आन्दोलन चलाया जाता है और पुलिस उन की चारदीवारी में प्रवेश नहीं कर सकती। कल यह हो सकता है कि मस्जिदों में इस तरह के देश-विभाजन के अराष्ट्रीय आन्दोलन चलाये जायें और इसी प्रकार गिरजाघरों से ऐसे आन्दोलनों का सूत्रपात किया जाये। तो क्या ऐसी स्थिति में यह गवर्नमेंट अपने को बिल्कुल हैल्पलैस समझ कर हाथ पर हाथ धर कर बैठी रहेगी? किस तरह की गवर्नमेंट की स्थिति होगी? इस लिये आज समय है कि इस प्रश्न पर दृढ़ता के साथ कदम उठाया जाना चाहिये और निर्णय लिया जाना चाहिये।

इस विषय में मेरा नम्र निवेदन यह भी है कि गवर्नमेंट को बराबर धर्म-स्थानों की पवित्रता को बनाये रखना चाहिये। गवर्नमेंट की ओर से कोई इस प्रकार का कदम तो न उठाया जाये, जिससे उन की पवित्रता में किसी प्रकार से बाधा आये, या उस को हानि पहुंचे। लेकिन उन की पवित्रता को बनाये रखते हुये भी ऐसे पग उठाये जायें कि उन को अनुचित कार्यों के लिये प्रयुक्त न किया जाये। आप को पता है कि केन्द्रीय और पंजाब सरकारों के पास पंजाब के राष्ट्रवादी सिक्खों ने आवेदन-पत्र दिये और वक्तव्य दिये कि गुरुद्वारे पूजा के स्थान हैं, वहां पर बैठकर अकाली पार्टी जो आन्दोलन चला रही है, उस पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। लेकिन हम देखते हैं कि हत्यारों ने गुरुद्वारों में जाकर शरण ली, गुरुद्वारों से पुलिस पर हमले किये गये। मैं यह कहना चाहता हूं कि गुरुद्वारों की पवित्रता को बनाये रखने का जो अपना ढंग है, उस ढंग को सुरक्षित रखते हुए भी इस सम्बन्ध में उपयुक्त कदम उठाये जा सकते हैं, हमारी पुलिस में भी इस प्रकार के सात्विक प्रवृत्ति के पवित्र भाई हो सकते हैं, जो सिख हैं और जो गुरुद्वारों के प्रति पवित्र भावना रखते हैं। उनकी ड्यूटी लगा दी जाती कि वे उनके अन्दर से अपराधियों और हत्यारों को पकड़ कर लाते, लेकिन आज जब मैं आपके सामने ये बातें कर रहा हूं, इसी दिल्ला शहर में यह स्थिति चालू है कि सीसगंज गुरुद्वारे में बैठ कर रछपाल सिंह आन्दोलन के विषय में योजनायें बनाते हैं। कुछ भले व्यक्तियों के द्वारा उनका विरोध किया जाता है और उसके परिणामस्वरूप उनमें टकराव होता है। समाचारपत्रों में ये सब समाचार छपते हैं।

इससे प्रतीत होता है कि इस स्थिति के विषय में गवर्नमेंट को दृढ़ता के साथ निर्णय लेना चाहिए और उसके लिए यह आवश्यक है कि धर्म स्थानों की पवित्रता की रक्षा हो। गृह मंत्री महोदय से मैं निवेदन करूंगा कि श्री परूलकर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाये। मुझे पता नहीं कि इस प्रस्ताव को उपस्थित करने में उनकी और क्या भावना रही होगी, लेकिन जहां तक प्रस्ताव की मूल भावना का सम्बन्ध है, उसे जहां तक मैं समझ सका हूं, मैं उसका स्वागत करता हूं और भारत सरकार से निवेदन करना चाह हूं कि इस बारे में दृढ़ता के साथ और अविल कदम उठाया जाये।

**श्री वाजपेयी** (बलरामपुर) : सभापति जी, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं, यद्यपि मैं चाहता हूं कि प्रस्ताव के अन्तर्गत प्लेसिज़ आफ पिलग्रिमेज को—तीर्थ के जो स्थान हैं, उनको—लाने के सम्बन्ध में प्रस्तावक महोदय को फिर से विचार करना चाहिए । जहां तक पूजा के स्थानों का राजनैतिक प्रचार के लिये दुरुपयोग रोकने का प्रश्न है, इस सम्बन्ध में दो मत नहीं हो सकते हैं और अगर हम भारतीय गणराज्य के असाम्प्रदायिक स्वरूप को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो इस सम्बन्ध में हमें अन्तिम निर्णय लेने की स्थिति आ गई है । जिन परिस्थितियों में देश का विभाजन हुआ, विभाजन के जिन दुष्परिणामों को हम अभी तक भूल नहीं सके हैं, उनको ध्यान में रख कर हमें ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकना है, जो राष्ट्रीय एकता को दुर्बल करती हैं, भारतीय गणराज्य के असाम्प्रदायिक स्वरूप पर कुठाराघात करती हैं और देश में फिर से साम्प्रदायिकता के उन्माद का जागरण करती हैं ।

हमने एक असाम्प्रदायिक राज्य का निर्माण किया है । इसका स्वाभाविक पर्याय यह है कि राजनीति और सम्प्रदाय को अलग अलग रखा जाना चाहिए । जो राजनीति को सम्प्रदाय के साथ जोड़ते हैं, या सम्प्रदाय को राजनीति के साथ सम्बद्ध करते हैं, वे अन्तःकरण से असाम्प्रदायिकता के सिद्धान्त में विश्वास नहीं करते हैं, फिर चाहे वे साम्प्रदायिकता के विरुद्ध कितने ही भाषण दें, अधिवेशन में बैठ कर लम्बे लम्बे प्रस्ताव पास करें । आज राजनीति और सम्प्रदाय को मिलाने के फिर से प्रयत्न हो रहे हैं । अगर इनको रोका नहीं जा सका, तो देश में साम्प्रदायिकता फिर से सिर उठायेगी और हमारी स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता के लिये एक भयंकर संकट खड़ा हो जायेगा ।

हमने लोकतंत्रात्मक मार्ग का अवलम्बन किया है । किसी भी सम्प्रदाय को स्वतंत्रता है कि वह राजनैतिक दल का निर्माण करे, खुले मैदान में आकर चुनाव लड़े, अपनी आर्थिक और सांस्कृतिक समस्याओं पर विचार करे । इसके लिए मन्दिर मे, मस्जिद मे, गुरुद्वारे या गिरजाघर में जाकर आन्दोलन चलाने की क्या आवश्यकता है ? मुझे ताज्जुब हुआ कि श्री सरहदी साहब ने जहांगीर के काल का उदाहरण दिया । समय बीत गया है । यह केवल सिख बन्धुओं के लिए ही सही नहीं है । अतीत काल में भी जो भी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष हुए, वे सब धर्म के साथ जुड़े हुए थे, लेकिन आज पूजा की पद्धति को और राजनीति को जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है । हां, गुरुद्वारे में बैठ कर, मन्दिर में बैठ कर अगर पूजा करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, राज्य की ओर से कोई भेदभाव की नीति बरती जाती है, शुद्ध धार्मिक मामलों में, तो उसका विचार हो सकता है । लेकिन मस्जिदों में चुनावों के सम्बन्ध मे फतवे दिये जायें, गुरुद्वारों से एक पृथक राज्य के निर्माण का राजनीतिक और साम्प्रदायिक आन्दोलन चलाया जाए, गिरजाघरों को भारत की एकता को खंडित करने का केन्द्र बनाया जाए और फिर उसकी प्रतिक्रिया के फलस्वरूप लोग मंदिरों में भी राजनीतिक गतिविधियों कोले जाने का प्रयत्न करें, इसका समर्थन नहीं कियाज सकता । तेरह वर्ष हुए देशका विभाजन हुए . .

**श्री नवल प्रभाकर** (बाह्य दिल्ली-रक्षित-अनुसूचित जातियां) : आर० एस० एस० की मीटिंगें मंदिरों में ही होती हैं ।

**श्री वाजपेयी** : आर० एस० एस० कोई राजनैतिक दल नहीं है और मेरा निवेदन है कि अगर होती हैं तो वह भी गलत है और वह चीज भी बन्द होनी चाहिए और जब मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं तो आर० एस० एस० भी बचने वाला नहीं है । मगर कांग्रेस के माननीय सदस्यों में

[श्री वाजपेयी]

यह नैतिक साहस होना चाहिये कि इस प्रस्ताव का वे समर्थन करें, मगर यह वह नहीं कर सकते ह वे साम्प्रदायिकता के विरुद्ध भाषण दे सकते हैं, मगर चुनाव लड़ने के लिए साम्प्रदायिक तत्वों से समझौता करते हैं । वे राष्ट्रीयता की बात करते हैं मगर दल के स्वार्थों को बली पर नहीं चढ़ा सकते । यही कारण है कि तेरह वर्ष के बाद भी साम्प्रदायिकता फिर से पनप रही है और यह तब तक नहीं मिटेगी जब तक कि हम इस साम्प्रदायिकता के सम्बन्ध में कभी न समझौता करने वाला दृष्टिकोण नहीं अपनायेंगे । कोई भी दल हो, पूजा का कोई भी स्थान हो, उसको अपनी राजनीतिक गतिविधियां वहां चलाने की छूट नहीं होनी चाहिये ।

अभी कहा गया है कि राजनीतिक गतिविधियों की परिभाषा क्या हो, किसे कहा जाए कि यह राजनीतिक गतिविधि है और किसे कहा जाए कि यह नहीं है । मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए नियम बना रखे हैं कि वे राजनीति में भाग नहीं ले सकते हैं । यह परिभाषा की कठिनाई उनके सामने तो नहीं आती है । सरकार का कोई कर्म-चारी अगर राजनीतिक गतिविध में भाग लेता है तो उसे दण्ड भोगना पड़ता है और अगर कोई परिभाषा की कठिनाई है भी तो उस पर बैठ कर विचार किया जा सकता है, उसके सम्बन्ध में लोगों की राय ली जा सकती है और एक ऐसी सर्वसम्मत परिभाषा बनाई जा सकती है जिसके अन्तर्गत सत्ता प्राप्ति को, या राजनीतिक चुनाव लड़ने को इसमें शामिल करते हुए बाकी के सांस्कृ-तिक और धार्मिक अधिकारों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध न लगे ।

इसके लिये आवश्यक है कि इस प्रस्ताव की मूल भावना से सब सहमत हों । राज-नीतिक गतिविधियों की परिभाषा नहीं हो सकती इसलिये धार्मिक स्थानों में राजनीति चलती रहे, इस चीज को स्वीकार करने के लिये मैं तैयार नहीं हूं । सिद्धान्त के रूप में मैं चाहता हूं कि हम स्वीकार कर लें कि समय आ गया है कि पूजा के स्थान राजनीति के अड्डे न बनाये जायें और फिर इसके लिए कैसा कानून बनाया जाए, उसकी परिभाषा क्या हो, उसकी परिधि क्या हो, ये विचार के विषय हो सकते हैं, इन पर मिल बैठ कर हम गम्भीरता से सोच सकते हैं । मेरा निवेदन है कि राष्ट्रीय एकता को जो संकट है, कोई भी राष्ट्रवादी उसकी ओर से आंखें नहीं मूंद सकता है और यह संकट भिन्न भिन्न रूपों में खड़ा है । मेरा निवेदन है कि हम किसी भी सम्प्रदाय की साम्प्रदायिकता को बरदाश्त न करें, चाहे वह कम संख्या वालों की हो और चाहे अनेक संख्या वालों की । जो नियम बनते हैं वे सबके लिए एक से होते हैं । मगर देखा गया है कि पंजाब में गुरुद्वारों में पुलिस नहीं जा सकती है, मगर चंडीगढ़ के आर्य समाज मन्दिर में पुलिस प्रवेश कर सकती है । अगर नियम बने हुए हैं तो सभी के लिए एक से होने चाहियें । अभी जालन्धर में आर्य समाज मन्दिर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी जब कि महीनों तक गुरुद्वारों का उपयोग क्या एक साम्प्रदायिक आन्दोलन को चलाने के लिए नहीं होता रहा है ? वह रोक उठा ली गई है, इसका मैं स्वागत करता हूं । मैं इस बात का समर्थन नहीं करता कि आर्य समाज के मन्दिरों में राजनीतिक गतिविधियां चलें । मैं कहता हूं कि किसी को भी इस तरह की कार्रवाइयां करने का अधिकार नहीं होना चाहिये, फिर चाहे वे गुरुद्वारे हों, चाहे आर्य समाज मन्दिर हों या दूसरे धर्म स्थान हों । इस सम्बन्ध में हमें कट्टरता तथा कठोरता की नीति अपनाने की आवश्यकता है । अगर आपने इस नीति को नहीं अपनाया तो असाम्प्रदायिक राज्य स्थापित करने

का हमारा स्वप्न कभी भी सत्य नहीं हो सकेगा। देश के विभाजन से भी हम अगर शिक्षा नहीं लेंगे, राजनीति को मजहब से अलग नहीं रखेंगे, इस सम्बन्ध में जनमत की भावना का कानून के रूप में प्रयोग नहीं करेंगे तो केवल यह कह कर कि जनमत जागृत किया जाए कोई अधिक परिणाम नहीं निकल सकता है। मैं पूछना चाहता हूं कि हिन्दू कोड बिल के बारे में जनमत कितना जागृत किया गया था? हिन्दू कोड बिल तो बन गया मगर सिविल कोड बिल अभी तक नहीं बना है। गुरुद्वारों में पुलिस प्रवेश नहीं कर सकती है, आर्य समाज मन्दिरों में कर सकती है। मस्जिदों में चुनाव जीतने के लिए फतवे दिये जा सकते हैं, विदेशी मिशनरीज़ गिरजाघरों में बैठ कर राष्ट्रीय एकता का विच्छेद करने के लिए षडयंत्र कर सकती हैं और इन सब चीजों को आज बर्दाश्त किया जाता है। अगर इन संकटों को हम आज भी नहीं समझेंगे तो हमारी स्वतंत्रता और हमारी राष्ट्रीयता की रक्षा नहीं हो सकेगी।

म कहना चाहता हूं कि यह प्रस्ताव नहीं है यह शासन को कसौटी पर कसा जा रहा है और एक एक कांग्रेसी की राष्ट्रीयता को मानों आज चुनौती दी जा रही है। अगर वे चाहते हैं कि राजनीति का साम्प्रदायिकता में प्रवश नहीं होना चाहिये तो इस प्रस्ताव का उनको समर्थन करना चाहिये वरना कहा जाएगा कि वे राष्ट्रीय एकता की बातें तो कर सकते हैं मगर उसके निर्माण के लिए कदम नहीं उठा सकते हैं।

**चौ० रणवीर सिंह** (रोहतक) : सभापति महोदय, मुझे मालूम नहीं कि श्री परुलकर जी की इस प्रस्ताव को पेश करने में क्या मंशा थी, कुछ उनके दिल में काला काला चोर था या सद्भावना थी, मैं नहीं कह सकता हूं।



**श्री त० ब० विट्ठल राव** (खम्मम) : सदभावना थी।

**चौ० रणवीर सिंह** : अगर उन्होंने इस प्रस्ताव को एक डेढ़ साल पहले रखा होता जबकि कम्युनिस्ट पार्टी वाले उन्हीं साथियों का, उन्हीं दोस्तों का साथ दे रहे थे और उन्हीं धर्म स्थानों का उपयोग कर रहे थे जिन के उपयोग पर आज प्रतिबन्ध लगाने की मांग की जा रही है तो मैं समझ सकता था कि वह सद्भावना के साथ इस प्रस्ताव को लाये हैं . . .

**श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** (पुरी) : कब की बात है?

**चौ० रणवीर सिंह** : जनरल इलैक्शन की बात है। इसको सारा देश जानता है और अगर मेरे ये भाई नहीं जानते हैं और कहते जाते है कि दो और दो तीन होते हैं तो मैं समझता हूं कि इनका इलाज कहीं दूसरी जगह हो सकता है, आगरा में या अमृतसर के अन्दर हो सकता है, यहां इसका कोई इलाज नहीं है।

मेरे एक भाई ने चुनौती दी है और इधर बैठने वालों के बारे में कुछ बातें कही हैं। मैं मानता हूं कि सरहदी जी ने बातें कही हैं वे सही नहीं है और मैं समझता हूं कि आज वक्त आ गया है कि हम कानून बनायें। हमने जनमत जागृत करने की कोशिश की और पंजाब में बहुत ज्यादा इसके लियेकुर्बानियां भी दी गईं। पंजाब की यह बदकिस्मती है कि उसे फिरकादारी से जोकि धार्मिक स्थानों में पनपती है, नुक्सान उठाना पड़ा है। इस देश के दो प्रदेश हैं जिन का विभाजन हुआ, एक पंजाब का और दूसरे बंगाल का। बंगाल में उतन आदमियों की हत्या नहीं हुई जितन आदमियों की पंजाब में हुई और उन हत्याओं के पीछे जहां मेरे उन साथी के साथियों का हाथ हो सकता है जोकि अब चले गये हैं,

[श्री बाजपेयी]

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का हाथ हो सकता है वहां दूसरे भाइयों का भी चाहे वे सिख फिरकापरस्त हों या हिन्दू फिरकापरस्त उनका भी हाथ हो सकता है और था । मुस्लिम फिरकापरस्तों का भी उसमें हाथ था ।

पंजाब में सन १९३७ में जब एक सियासी पार्टी कांग्रेस को हरा कर मैदान में आई, तो मैंने उसकी मुखालिफत की । मेरा इशारा यूनियनिस्ट पार्टी की तरफ है । लेकिन हम समझते हैं कि उसने पंजाब के अन्दर एक हवा पैदा की थी जो फिरकापरस्ती से ऊंची थी । उस फिरकापरस्ती से ऊंची हवा को खराब करने के लिये हम जानते हैं कि शहीदगंज का इस्तेमाल किया गया, मस्जिदों का इस्तेमाल किया गया । यह पंजाब का इतिहास है । मेरे साथी कहते हैं और पूछते हैं कि समय आ गया है या नहीं ? मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि पिछले पांच सालो में पंजाब के अन्दर क्या क्या हुआ है ? क्या पंजाब के अन्दर गुरुद्वारों से एक सियासी तहरीक नहीं उठी थी और उस तहरीक के दौरान में क्या १२–१३ हजार व्यक्ति जेल नहीं गए थे और क्या पंजाब के लोगों से टैक्सों के जरिये वसूल किया गया लाखों रुपया इस तहरीक को दबाने के लिए बरबाद नहीं किया गया था ? उसके बाद फिर जनमत जागृत करने का मौका दिया गया । गुरुद्वारों के चुनाव हुए, आम सिखों को मौका दिया गया कि वे सोच कर राय दें और उन्होंने क्या राय दी? यह बात सही है कि पहले गुरुद्वारा चुनाव के अन्दर हम सिर्फ तीन सीटें जीते थे और दूसरे गुरुद्वारा चुनाव में हम पांच जीते । तरक्की हमने की, लेकिन क्या वह तरक्की ऐसी थी, क्या उसकी रफतार ऐसी थी कि हम हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाते ? मेरा खयाल है कि वह तरक्की ऐसी नहीं थी कि हम शान्ति से बैठ जाये । इस सदन को इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये । लेकिन मैं शास्त्री जी से भी पूछना चाहता हूं कि क्या शास्त्री जी का इसमें हिस्सा नहीं था ? श्री वाजपेयी ने चन्डीगढ़ आर्यसमाज मन्दिर की दुहाई दी है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आर्यसमाज मन्दिर चन्दडीगढ़ से वह सत्याग्रह नहीं चला जो एक तरह से राजनीतिक था और जिसके पीछे उन भाइयों का हाथ था जो वजारत से निकले थे ? पंजाब के अन्दर उन्होंने और उन भाइयों ने जो अगुआ थे क्या सच्चर फार्मूले पर दस्तखत किये . . .

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : सच्चर फार्मूले की उस धारा का ही विरोध किया गया था जो भाषा से सम्बन्ध रखती थी क्योंकि वह विशुद्ध सांस्कृतिक प्रश्न था ।

**चौ० रणवीर सिंह** : शास्त्री जी को दस्तखत करने का मौका नहीं मिला था, आगे मिलेगा तो वे कैसे दस्तखत करेंगे यह मुझे मालूम नही, लेकिन उन भाइयो ने, जिनमें हमारे सरदार प्रताप सिंह कैरों भी थे, सच्चर फार्मूले पर दस्तखत नहीं किये, वे उसका विरोध करने वाले थे । लेकिन प्रोफेसर शेर सिंह ने, जो कि शास्त्री जी के साथी हैं, सच्चर फार्मूले पर दस्तखत किए थे, आर्यसमाज मन्दिर का इस्तेमाल किया, और अगर सरहदी साहब के साथियों ने गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थानों को अपवित्र किया तो इन लोगों ने आर्यसमाज मन्दिर को भी अपवित्र किया । लेकिन सवाल यह है कि चाहे

आर० एस० एम० वाले अपवित्र करें या अकाली दल वाले अपवित्र करें, हम को उसके लिये जवाब देह होना है।

मैं जानता हूं कि पंजाब के अन्दर दूसरे प्रदेशों के मुकाबले बहुत तरक्की हुई। उसी पंजाब सूबे के अन्दर, जिसमें आज से १४ साल पहले तकरीबन ४ लाख आदमियों की हत्या हुई और २८ जिलों वाला सूबा १२१।२ जिलों का सूबा बन गया और वह तबाह हुआ, पिछले १४ सालों के अन्दर ऊपर उठा और उसमें तरक्की की रफ्तार बहुत तेज रही। दो पंचवर्षीय योजनाओं के अन्दर उसकी तरक्की की जो रफ्तार रही है वह किसी भी दूसरे प्रदेश के लिये एक एन्विएबल पोजीशन है। पंजाब ने हिन्दुस्तान के दूसरे प्रदेशों को तरक्की की तरफ जाने का एक सबक दिया। लेकिन यह बात सही है कि जहां पंजाब के अन्दर कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ चल रही थी, पंजाब बहुत आगे बढ़ आया, पंजाब के अन्दर दस सालों में अनाज की पैदावार दुगनी बढ़ी, नहरी सिंचाई को उसने तिगुना किया और बिजली के तारों को सातगुना किया। दस सालों के अन्दर अस्पतालों को दूना किया, वहां यह भी सही है कि दूसरी पंचवर्षीय योजना के भीतर कभी शास्त्री जी मैदान में आ गये तो कभी सरहदी साहब के साथी मैदान में आ गये। उन्होंने ६० हजार आदमियों को, उन शूरवीरों को जो पंजाब की तरक्की के लिये आगे बढ़ सकते थे, जो हिन्दी और पंजाबी की तरक्की के लिये आगे बढ़ सकते थे, भड़काया। मैं रोहतक जिले का रहने वाला हूं, मैं जब पढ़ता था या १३ या १४ साल पहले पंजाब के अन्दर कोई ऐसा सरकारी स्कूल नहीं था जहां हिन्दी पढ़ाई जाती हो, और आज पंजाब के अन्दर, रोहतक जिले की बात नहीं कहता, अमृतसर जिले में भी, और जो नया पहाड़ी जिला है उसके अन्दर भी, कोई ऐसा स्कूल नहीं है, कोई ऐसा मेवों का भी स्कूल नहीं है, जहां हिन्दी न पढ़ाई जाती हो। लेकिन शास्त्री जी और उन के साथियों ने पंजाब के अन्दर धार्मिक स्थान से, आर्यसमाज मन्दिर से, एक तूफान वर्पा किया।

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री** : On a point of order सभापति जी, भाषा का सम्बन्ध राजनीति से चौधरी साहब जोड़ रहे हैं, यह मेरी समझ में नहीं आता। भाषा तो विशुद्ध रूप से एक सांस्कृतिक प्रश्न है। अगर पंजाब के विभाजन के लिये इस तरह की कोई चीज हुई होती तो दूसरी बात थी।

**चौ० रणवीर सिंह** : यह कोई प्वाईइंट आफ आर्डर नहीं है।

**Mr. Chairman:** There is no point of order. The hon. Member may proceed.

**चौ० रणवीर सिंह** : सभापति महोदय, आप जानते हैं और मैं भी जानता हूं कि बम्बई के अन्दर भाषा के नाम पर तूफान उठा और उसके पीछे सयासत थी। पंजाब के लिये भी मैं जानता हूं कि यह बात ठीक है। अब जरा सच्ची बात हुई है तो शास्त्री जी को दुःख पहुंचा। सरहदी साहब का हौसला था कि उन के ऊपर गाली पड़ रही थी वह चुपचाप शांति से सुन रहे थे। शास्त्री जी ने वह हौसला नहीं दिखलाया। लेकिन इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता, पंजाब का कोई भी आदमी नहीं इन्कार कर सकता है कि वहां पर जो मूवमेंट हिन्दी के नाम पर और पंजाबी के नाम पर चलाया गया उस के पीछे सयासत नहीं थी। शास्त्री जी, जो पंजाब के नहीं हैं, इन्कार कर सकते हैं और मेरे भाई स्नातक साहब भी कर सकते हैं।

[श्री रामसेवक यादव]

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री :** आप हरियाना प्रान्त चाहते हैं या नहीं ?

**चौ० रणवीर सिंह :** मैं चाहता था कि हर एक बात चा जवाब दूं, लेकिन मेरा समय सीमित है ।

**श्री नरदेव स्नातक** (अलीगढ़–रक्षित–अनुसूचित जातियां ) : आप इरेंलेवेंट बोल रहे हैं ।

**श्री राम सेवक यादव** (बाराबांकी ) : मैं एक व्यवस्था सम्बन्धी प्रश्न उठाना चाहता हूं। जहां पर धार्मिक स्थानों को राजनीति के लिये प्रयोग न करने का प्रश्न है वहा पचर्षीयव योजना कैसे आ गई या पंजाबी सूबे कीं बात कैसे आ गई । अगर सभापति महोदय इसे रोकेंगे नहीं तो समय व्यर्थ नहीं हो जायेगा क्या ?

**सभापति महोदय :** यह इस के अन्दर आता है ।

**चौ० रणवीर सिंह :** आप अच्छी तरह समझते हैं कि यह प्रश्न क्यों उठाये जा र हैं, इस लिये मैं उन का जवाब देने में समय नहीं लगाऊंगा ।

मैं आप से अर्ज कर रहा था कि धार्मिक स्थानों को किस तरह पर पंजाब के अन्दर अपवित्र किया गया । केरल का मुझे पता नहीं, केरल का दुःख होगा मेरे साथी को, लेकिन मुझे पंजाब का दु:ख है, उन पंजाबियों का जिन का खून वहा जिन का करोड़ों रुपया लगा, पिछले पांच सालों के अन्दर पंजाब में कम से कम डेढ़ करोड़ रुपया हिन्दी और पंजाबी और गुरुद्वारों और मन्दिरों को इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ लगा, जो कि दूसरी पंचवर्षीय योजना के अन्दर तरक्की के कामों में लग सकता था। अगर मेरे साथी समझना चाहते हैं कि इस का क्या वास्ता है तो मैं कहना चाहता हूं कि इस का सीधा वास्ता है और मैं नहीं चाहता हूं कि धार्मिक स्थानों का इस्तेमाल ऐसे कामों में किया जाय ताकि उस पर हमारा पैसा खर्च न हो ।

इसी के साथ मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि यहां बड़ी बड़ी कोशिशें हुई गुरुद्वारों को इस्तेमाल करने की और जैसा शास्त्री जी ने कहा, मैं उन से सोलह आने सहमत हूं गुरुद्वारों के बारे में, मुझे उन से कोई विरोध नहीं और मैं जानता हूं कि जिस तरह से पंजाब के अन्दर गुरुद्वारे इस्तेमाल हुए, उस तरह से नहीं इस्तेमाल होने चाहिये थे । पंजाब के लिय यह एक शर्म की बात है, और खास तौर पर जो भाई गुरू नानक देव को मानते हैं, और जिन्होंने ऐसा किया, उन के लिये तो और भी शर्म की बात है, लेकिन इस के साथ ही साथ जो भाई महर्षि दयानन्द को मानते हैं, उन्होंने मन्दिरों को इस्तेमाल किया, तो उन के लिये भी यह शर्म की बात थी ।

इतना कहते हुये मैं एक बात सरकार से भी कहना चाहता हूं । जहां सरकार से मेरी प्रार्थना है कि वह कानून बनाये, वहां यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग गुरुद्वारों को भूख हड़ताल के लिये इस्तेमाल कर के सरकार को डराना चाहते हैं, जो हिन्दुस्तान का संविधान बना, जिस संविधान के अन्दर रक्खा गया कि पंजाब एक है, वह द्विभाषी सूबा है, एक हिन्दी रीजन और दूसरा पंजाबी रीजन, उस का खयाल न कर के जो पंजाब को एक भाषी सूबा बनाना चाहते हैं, उन का भी हमें मुकाबला करना है । मुझे मालम है कि आज लोग ४४ हजार आदमियों का दावा करते हैं गुरुद्वारों में बैठ कर और सरकार भी मानती है कि तीस हजार आदमी जेलों

में गये, इस में गुरुद्वारों का पैसा लगा और देश का वायमंडल और सूबे का वायुमंडल खराब हुआ, हमें उन लोगों से दब कर नहीं चलना है । हमें पंजाब को आगे बढ़ाना है, हिन्दुस्तान को आगे बढ़ाना है और इस देश के अन्दर निरधर्मी सरकार स्थापित करना है, जैसा कि हम मानते हैं । मेरा निवेदन है कि अब वक्त आ गया है इस के लिये हम को कायदे कानून बनाने हैं और इस तरह की चीजों पर रोक लगाने के लिये जल्दी कानन बनाया जाय । सरहदी साहब की यह बात ठीक है, और मैं सरदार प्रताप सिंह कैरों की तारीफ करता हूं कि उन्होंने धार्मिक स्थानों में दखलअन्दाजी नहीं की । यह एक बहुत अच्छा सबूत था कि किस तरह से अच्छे ढंग से लोगों का मुकाबला किया जा सकता है ।

इसके साथ ही साथ मैं तो उम्मीद करता था कि आज सरदार सरहदी १६ आने इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे और इस बात का सबूत देंगे कि सरदार प्रताप सिंह की प्रेरणा का उनके दिल पर असर हुआ है । पर मैं ने देखा कि सरदार हरहदी पर उनकी प्रेरणा का असर नहीं हुआ । इसलिये मैं महसूस करता हूं कि कायदे और कानून की बड़ी तेजी से जरूरत है और उनसे डरना भी नहीं चाहिये ।

**Mr. Chairman:** The House will now stand adjourned to meet again at 11 A.M. on Monday.

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, February 20, 1961/Phalguna 1, 1882 (Saka).*